बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-22
08/01/2021

बिहार के विकास के लिये हमलोग काम कर रहे हैं :– मुख्यमंत्री

पटना, 08 जनवरी 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज मुख्य सचिवालय स्थित कार्यालय कक्ष से बाहर निकलने के पश्चात पत्रकारों से बातचीत करते हुये कहा कि हम पहले ही कह चुके हैं कि सप्ताह में एक दिन यहाँ जरूर आयेंगे। आज हमने यहाँ आकर कई काम किये हैं। कैबिनेट से स्वीकृत सात निश्चय–2 के अंतर्गत हर खेत तक सिंचाई का पानी उपलब्ध कराने के लक्ष्य को पूरा करने के लिये आज चर्चा हुयी है। हमने इसका पूरा का पूरा सर्वेक्षण कराने को कहा है। कहां किस प्रकार से सिंचाई उपलब्ध करायी जाय, इसके लिये पूरी जानकारी इकट्ठा करने को कहा है। हर खेत तक सिंचाई का पानी उपलब्ध कराने के लिये चार विभागों के द्वारा जो काम किये जा रहे हैं, उसकी पूरी समीक्षा की गयी है। समीक्षा के दौरान हमने भी सुझाव दिया है। एक–एक चीज का सर्वे कर लेना चाहिये कि जहां सिंचाई की व्यवस्था नहीं है, वहां किस प्रकार से सिंचाई उपलब्ध करायेंगे। सर्वे पंचायत के स्तर पर नहीं बल्कि हर गांव और टोला के स्तर पर होना चाहिये। इसके बारे में विस्तृत चर्चा हुई है। शराबबंदी की अद्यतन स्थिति के संबंध में भी आज समीक्षा बैठक हुयी है। कई तरह के फाइलों पर भी निर्णय लिया गया है।

भाजपा नेताओं से कल हुयी मुलाकात में कैबिनेट विस्तार के संबंध में मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई बातचीत नहीं हुयी है। कल की मुलाकात में सहज बातचीत हुयी है, कोई राजनैतिक बातचीत नहीं हुयी है। श्री सुशील कुमार मोदी को एक बार फिर से बिहार बुलाने की कोशिश से संबंधित प्रश्न के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि इसकी कोई जानकारी नहीं है। ये तो भाजपा के हाथ में है। कल भी किसी तरह की कोई बातचीत नहीं हुई। हमने आज अखबार में कैबिनेट एक्सपेन्शन की छपी खबर को देखा था। पहले इतना कहां देर होता था कैबिनेट विस्तार में ? पहले हमलोग शुरू में ही कैबिनेट विस्तार कर लेते थे। जब सबकी सहमति होगी तो कैबिनेट का विस्तार होगा। अभी तो कुल मिलाकर कैबिनेट में 14 लोग हैं। बिहार के विकास के लिये हमलोग काम कर रहे हैं और जो हमलोगों का लक्ष्य है, उन सब चीजों पर कल बातचीत हुई है। श्री सुशील कुमार मोदी से हमलोगों का पुराना संबंध है। हमलोग बहुत दिनों से एक साथ काम किये हैं।

******